INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

LATEST EDITION

पेपर-2

राजस्थान जूनियर अकाउंटेंट

(कनिष्ठ लेखाकार एवं T.R.A. भर्ती परीक्षा)

HANDWRITTEN NOTES

भाग -2

भारतीय अर्थशास्त्र + राजस्थान सेवा नियम + G.F. & A.R.

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

राजस्थान
जूनियर अकाउंटेंट
(कनिष्ठ लेखाकार एवं TRA परीक्षा हेतु)
पेपर – 2

भाग – 2

भारतीय अर्थशास्त्र + राजस्थान सेवा नियम + GF & AR

<u>प्रस्तावना</u>

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**राजस्थान जूनियर अकाउंटेंट (कनिष्ठ लेखाकार एवं TRA भर्ती परीक्षा हेतु)"** को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **"राजस्थान लोक सेवा आयोग"** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा **"राजस्थान जूनियर अकाउंटेंट (कनिष्ठ लेखाकार एवं TRA)" की** परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें /*

अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/

प्रकाशकः

INFUSION NOTES

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com

WhatsApp करें - https://wa.link/3ewvb9

Online Order करें - https://shorturl.at/dtwEK

मूल्य : ₹

संस्करण : नवीनतम (2023)

	भारत की अर्थव्यवस्था	
क्र. सं.	अध्याय	पृष्ठ सं.
1.	अर्थशास्त्र की मूलभूत अवधारणाएं	1-6
2.	बजट एवं बजट निर्माण	6-15
3.	बैंकिंग	16-38
4.	लोक वित्त	39-43
5.	वस्तु एवं सेवा कर	44-48
6.	राष्ट्रीय आय	48-55
7.	संवृद्धि एवं विकास का आधारभूत ज्ञान	56-57
8.	स्टॉक एक्सचेंज एवं शेयर बाजार	58-62
9.	राजकोषीय एवं मौद्रिक नीतियाँ	63-65
10.	मुद्रास्फीति – अवधारनाएं, प्रभाव एवं नियंत्रण तंत्र	66-70
11.	भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्र	71-75
12.	आर्थिक समस्याएं एवं सरकार की पहलें	76-83
13.	गरीबी एवं बेरोजगारी	83-86
14.	बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ	87-88
15.	विदेशी व्यापार	88-89
16.	सार्वजनिक क्षेत्र	90-91
17.	निर्धनता (गरीबी)	91-94
18.	केंद्र सरकार की योजनाएं	94-98

	Rajasthan Service Rule	
क्र. सं.	अध्याय	पेज. नंबर
1.	लघु शीर्षक और प्रारंभ	99 – 99
2.	परिभाषाएँ	99 – 107
3.	सेवा की सामान्य शर्तें	107 – 113
4.	अवकाश	114 – 121
5.	अवकाश धारा I. सामान्य –	121 – 133
6.	विदेश सेवा	133 – 138
7.	स्थानीय निधि के अंतर्गत सेवा	138 – 140
8.	सेवा का अभिलेख	141 – 142
9.	प्रतिनिधिमंडल	143 – 146
	GF & AR भाग-I	
1.	परिचयात्मक	147 – 149
2.	वित्तीय प्रबंधन और नियंत्रण की सामान्य प्रणाली	149 – 154
3.	राजस्व और प्राप्तियां	155 – 156

4.	सरकारी धन की प्राप्तिउसकी अभिरक्षा और , ऐसे धन का भुगतानकोषागारों में।	157 – 163
5.	मंजूरी की शक्तियां	164 – 166
6.	I- भुगतान -सामान्य निर्देश	167 – 180
7.	धनवापसी और विविध व्यय	181 – 186
8.	सहायता अनुदान आदि	187 – 192

अध्याय – 1

अर्थशास्त्र की मूलभूत अवधारणाएँ

परिचयः-

- Economics (अर्थशास्त्र) शब्द एक Greek word ' Oikonomia ' से उत्पन्न हुआ है ।
- Oikonomia शब्द Oikos and Nomos दो शब्दों से मिलकर बना है ।
- Oikos का अर्थ गृह अथवा परिवार जबकि Nomos का का अर्थ है प्रबंधन । अर्थात् Oikonomia गृह प्रबंधन की प्रक्रिया के अध्ययन से संबंधित है ।
- यह कहा जा सकता है कि अर्थशास्त्र भी गृह प्रबंधन की इसी प्रक्रिया का अध्ययन करता है।
- यह इस बात का अध्ययन करता है कि किस प्रकार एक परिवार अपने सीमित संसाधनों का प्रयोग कर अपने व्यय को पूरा करता है , परन्तु यह अर्थशास्त्र की सबसे साधारण परिभाषा है । अन्य शब्दों में कहा जा सकता है कि अर्थशास्त्र एक विषय है , जो वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन वितरण एव उपभोग की प्रक्रिया का अध्ययन करता है ।
- अर्थशास्त्र की विषय वस्तु अर्थव्यवस्था है एवं वस्तुओं तथा सेवाओं के वितरण एवं उपभोग से ही अर्थव्यवस्था का निर्माण होता है ।
- एडम स्मिथ (Adam Smith: 1723-1790) को अर्थशास्त्र का जनक (Father of Economics) कहा जाता है।
- उनकी पुस्तक द वेल्थ ऑफ नेशन्स (The wealth of Nations : 1776) में अर्थशास्त्र को धन का विज्ञान कहा गया है।
- भारतीय अर्थशास्त्र का जनक कौटिल्य को माना जाता है।

अर्थशास्त्र किसे कहते हैं?

- अर्थशास्त्र का अर्थ होता है धन संबंधी एवम शास्त्र का अर्थ होता है अध्ययन। अंततः धन से संबंधित अध्ययन की प्रणाली को ही हम अर्थशास्त्र कहते हैं।
- अर्थशास्त्र के अंतर्गत उपभोग, विनिमय, वितरण, आदि का अध्ययन किया जाता है।
- परंतु जैसे-जैसे देश की अर्थव्यवस्था मे परिवर्तन होने के कारण अर्थशास्त्र के अंतर्गत अनेक नई शाखाएं जोड़ी गई है
- जैसे जनकल्याण, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, विदेशी विनिमय इत्यादि को धन के अंतर्गत रखा गया है।
- अर्थशास्त्र का विषय है जहाँ हम आर्थिक सिद्धांतों को पढ़ते हैं आर्थिक वस्तुएँ सेवाओं से जुड़ी हुई आर्थिक गतिविधियों का अध्ययन करते हैं ताकि आर्थिक कल्याण से जुड़ी आर्थिक निर्णय तक पहुँच सके।
- मनुष्य की आर्थिक गतिविधियों के अध्ययन को ही अर्थशास्त्र कहा जाता है।
- मनुष्य अपने जीवन के अंदर अनेक प्रकार की आर्थिक क्रियाएं करता रहता है इन्हें अर्थशास्त्र के अंतर्गत रखा जाता है।

अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं?

- अर्थव्यवस्था अर्थशास्त्र का व्यवहार है, अर्थशास्त्र के अध्ययन को जब उपभोग मे लाया जाता है तो उसे अर्थव्यवस्था कहते है।
- अर्थशास्त्र के व्यावहारिक अध्ययन को ही अर्थव्यवस्था कहा जाता है।
- अर्थव्यवस्था वह काल्पनिक क्षेत्र है जहाँ आर्थिक वस्तुएँ सेवाओं के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों का निष्पादन किया जाता है।
- जब हम किसी देश को उसकी समस्त आर्थिक क्रियाओं के संदर्भ में परिभाषित करते हैं तो उसे अर्थव्यवस्था कहते हैं।

अर्थशास्त्र और अर्थव्यवस्था में अंतर?:-

अर्थशास्त्र	अर्थव्यवस्था
अर्थशास्त्र के अंतर्गत विषय और सिद्धांतों का अध्ययन किया जाता है	अर्थव्यवस्था के अंतर्गत व्यवहार का अध्ययन किया जाता है।
अर्थशास्त्र केवल अध्ययन का क्षेत्र है	अर्थव्यवस्था निष्पादन (Execution) की भूमिका निभाती है।
अर्थशास्त्र के पिता एडम स्मिथ को माना जाता है इनकी किताब (The Wealth of nations) मे अर्थव्यवस्था का विस्तार किया है।	जब हम किसी देश को उसकी समस्त आर्थिक क्रियाओं के संदर्भ में परिभाषित करते है तो उसे अर्थव्यवस्था कहते हैं ।
अर्थशास्त्र की दो शाखाएँ है- (i) व्यष्टि अर्थशास्त्र (Micro economics) (ii) समष्टि अर्थशास्त्र (Macro economics)	अर्थव्यवस्था को तीन भागों में बांटा गया है पूँजीवादी अर्थव्यवस्था, समाजवादी अर्थव्यवस्था

	और मिश्रित अर्थव्यवस्था।
	अर्थव्यवस्था किसी देश या क्षेत्र विशेष में अर्थशास्त्र के व्यावहारिक स्वरूप को प्रदर्शित करती है जैसे भारतीय अर्थव्यवस्था चीनी अर्थव्यवस्था एवं अमेरिकी अर्थव्यवस्था इत्यादि ।

अर्थशास्त्र की शाखाएँ (Branches of economic)

- अर्थशास्त्र की दो शाखाएँ हैं, जो निम्नलिखित हैं -

(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र (Micro economics)
(ii) समष्टि अर्थशास्त्र (Macro economics)

व्यष्टि अर्थशास्त्र (MICRO ECONOMICS)

- व्यष्टि अर्थशास्त्र को ' सूक्ष्म अर्थशास्त्र ' भी कहा जाता है ।
- व्यष्टि अर्थशास्त्र के अंतर्गत अर्थव्यवस्था की एक इकाई या इकाई के भाग के रूप में अर्थव्यवस्था के छोटे - छोटे पहलुओं अर्थात् व्यक्तिगत आर्थिक इकाइयों का अध्ययन किया जाता है जैसे- एक उपभोक्ता एक उत्पादक एक फर्म अथवा एक उद्योग एक बाजार इत्यादि ।
- अर्थव्यवस्था की सूक्ष्म जानकारी किसी व्यक्ति फर्म घरेलू कार्य की नीति निर्धारण , यथा उत्पादन उपभोग मूल्य निर्धारण इत्यादि में सहायक होती है ।
- व्यष्टि अर्थशास्त्र का अध्ययन आशिक संतुलन से अधिक प्रभावित है जो आर्थिक क्रिया से संबंधित महत्त्वपूर्ण कारकों से प्रभावित होता है ।
- व्यष्टि अर्थशास्त्र के अंतर्गत अनुकूलतम साधन आवंटन और आर्थिक क्रियाओं जैसे- माग और पूर्ति का अध्ययन मूल्य निर्धारण से संबंधित समस्याओं और नीतियों का अध्ययन होता है ।

व्यष्टि अर्थशास्त्र के महत्त्वपूर्ण घटक

उपभोक्ता व्यवहार सिद्धात- इसके अंतर्गत यह अध्ययन किया जाता है कि किस प्रकार एक उपभोक्ता अपनी आय को विभिन्न प्रयोगों में आवंटित करता है ताकि वह अधिकतम संतुष्टि प्राप्त कर सके ।

उत्पादक व्यवहार सिद्धात- इसमें यह अध्ययन किया जाता है कि उत्पादक यह निर्णय कैसे लेता है कि उस किस वस्तु का उत्पादन करना है तथा कितना उत्पादन करना है जिससे उसका लाभ अधिकतम हो सके ।

कीमत सिद्धांत – "कीमत सिद्धांत" व्यष्टि अर्थशास्त्र का सबसे महत्त्वपूर्ण घटक है । कीमत सिद्धांत में यह अध्ययन किया जाता है कि बाजार में वस्तुओं की कीमत किस प्रकार निर्धारित होती है ।

समष्टि अर्थशास्त्र (MACRO ECONOMICS)

- समष्टि अर्थशास्त्र को वृहद् अर्थशास्त्र भी कहा जाता है ।
- समष्टि अर्थशास्त्र के अंतर्गत अर्थव्यवस्था के बड़े पहलुओं अर्थात् संपूर्ण अर्थव्यवस्था अथवा संपूर्ण अर्थव्यवस्था के समुच्चयों से संबंधित अध्ययन किया जाता है जैसे राष्ट्रीय आय, राजकोषीय नीति, मौद्रिक नीति, सरकारी बजट, आर्थिक संवृद्धि आर्थिक विकास, मुद्रास्फीति, गरीबी, बेरोजगारी इत्यादि समष्टि अर्थशास्त्र सभी आर्थिक इकाइयों का समग्र अध्ययन एवं विश्लेषण करता है जिससे आर्थिक प्रणाली का विश्लेषण एवं बड़े पैमाने पर आर्थिक समस्याओं का समाधान किया जा सके ।
- समष्टि अर्थशास्त्र आय रोजगार और संवृद्धि संबंधी नीतियों के व्यापक स्तर से संबंधित होता है।
- समष्टि अर्थशास्त्र का विश्लेषण संपूर्ण अर्थव्यवस्था में आय निर्धारण पर केंद्रित रहता है ।

समष्टि अर्थशास्त्र के महत्त्वपूर्ण घटक

- राजकोषीय नीतियाँ एवं मौद्रिक नीतियाँ
- सरकारी बजट
- मुद्रा की पूर्ति एवं साख सृजन
- अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति एवं अवस्कीतिक
- अंतराल से संबंधित सिद्धांत
- विनिमय दर एवं भुगतान संतुलन
- रोजगार से संबंधित सिद्धांत
- समग्र मांग एवं समग्र आपूर्ति अर्थात् संतुलित उत्पादन से संबंधित सिद्धांत

अर्थव्यवस्था के प्रकारः-

A. पूँजीवादी अर्थव्यवस्था (Capitalist Economy):-

- जिस अर्थव्यवस्था में उत्पादन के साधनों पर निजी स्वामित्व पाया जाता है तथा वस्तुओं एवं सेवाओं का उत्पादन निजी लाभ के लिए किया जाता है उसे पूँजीवादी अर्थव्यवस्था कहते हैं।
- अर्थात् यहाँ आर्थिक गतिविधियों पर सरकार का न्यूनतम नियंत्रण होता है तथा निजी क्षेत्र अधिक प्रभावकारी एवं स्वतंत्र होता है।

- एडम स्मिथ की 'दा वेल्थ ऑफ़ नेशन' पूँजीवाद को दार्शनिक आधार प्रदान करता है।
- अमेरिका समेत पश्चिमी यूरोपीय देश पूँजीवाद के समर्थक है।

पूँजीवाद के फायदे या गुणः-

- पूंजीवाद नवाचार को बढ़ावा देता है।
- पूँजीवाद और समाज दोनों स्वतंत्रता और अवसर पर केंद्रित हैं।
- पूँजीवाद आबादी की जरूरतों को पूरा करता है।
- पूँजीवाद स्व-नियामक है।
- पूँजीवाद समग्र रूप से समाजों की मदद करता है।

पूँजीवाद के नुकसान या दोषः-

- धन और आय के वितरण की असमानता
- पूँजीवादी अर्थव्यवस्था में अपरिहार्य के रूप में कक्षा संघर्ष
- सामाजिक लागत बहुत अधिक है
- पूँजी अर्थव्यवस्था की अस्थिरता
- बेरोजगारी और रोजगार के तहत
- वर्किंग क्लास में पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा नहीं है

B. समाजवाद अर्थव्यवस्था

- उत्पादन एवं वितरण के सामूहिक नियंत्रण पर बल देता है।
- राज्य द्वारा विनियमित निजी क्षेत्र की भूमिका से लोक कल्याण के उद्देश्य की प्राप्ति।
- भारत,बाग्लादेश,ब्राजील,समेत विकासशील अधिकांश देश समाजवाद के समर्थक हैं।
- बौद्ध और जैन धर्म का अस्तेय आवश्यकता से अधिक संसाधनों के एकत्रीकरण का विरोध करता है, जो समाजवाद की अवधारणा के अनुकूल है।
- अशोक के शिलालेखो से लोक कल्याणकारी राज्य के संदर्भ में जानकारी प्राप्त होती हैं, वहीं रुद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख सुदर्शन झील के निर्माण के संदर्भ में प्रमाण देता है।
- इसी प्रकार मध्यकाल में फिरोजशाह तुगलक द्वारा नहरों का निर्माण, बेरोजगारों के लिए पेंशन जैसी समाजवादी योजनाओं की जानकारी प्राप्त होती है।

समाजवाद के पक्ष में तर्क या गुणः-

शोषण का अन्तः-

- समाजवाद
- श्रमिको एवं निर्धनो के शोषण का विरोध करता है। इसलिये विश्व के श्रमिक किसान निर्धन इसका समर्थन करते है।

सामाजिक न्याय पर आधारितः-

- समाजवादी व्यवस्था में किसी वर्ग विशेष के हितो को महत्व न देकर समाज के सभी व्यक्तियों के हितो को महत्व दिया जाता है यह व्यवस्था पूँजीपतियों के अन्याय को समाप्त करके एक ऐसे वर्गविहीन समाज की स्थापना करने का समर्थन करती है जिसमें विषमता न्यनूतम हो।

उत्पादन का लक्ष्य सामाजिक आवश्यक्ताः-

- व्यक्तिवादी व्यवस्था में व्यक्तिगत लाभ को ध्यान में रखकर किये जाने वाले उत्पादन के स्थान पर समाजवादी व्यवस्था में समाजिक आवश्यक्ता और हित को ध्यान में रखकर उत्पादन होगा क्योंकिसमाजवाद इस बात पर बल देता है कि जो उत्पादन हो वह समाज के बहुसख्यक लोगो के लाभ के लिए हो।

उत्पादन पर समाज का नियंत्रण :-

- समाजवादियो का मत है कि उत्पादन और वितरण के साधनो पर राज्य का स्वामित्व स्थापित करके विषमता को समाप्त किया जा सकता है।
- सभी को उन्नति के समान अवसर
- साम्राज्यवाद का विरोधी

समाजवाद के विपक्ष में तर्क अथवा आलोचना :-

राज्य के कार्य क्षेत्र में वृद्धि :-

- समाजवाद मे आर्थिक तथा राजनीतिक दोनो क्षेत्रों में राज्य का अधिकार होने से राज्य का कार्य क्षेत्र अत्यधिक विस्तृत हो जायेगा जिसके परिणामस्वरूप राज्य द्वारा किये जाने वाले कार्य समुचित रूप से संचालित और समपादित नहीं होंगे।

वस्तुओं के उत्पादन में कमी :-

- समाजवाद के आलोचको की मान्यता है कि यदि उत्पादन के साधनो पर सम्पूर्ण समाज का नियंत्रण हो तो व्यक्ति की कार्य करने की प्रेरणा समाप्त हो जायेगी और कार्यक्षमता भी धीरे धीरे घट जायेगी।
- व्यक्ति को अपनी योग्यता का प्रदर्शन करने का अवसर नहीं मिलेगा तो वस्तुओं के उत्पादन की मात्रा घट जायेगी।

समाजवाद प्रजातंत्र का विरोधी :-

- प्रजातंत्र में व्यक्ति के अस्तित्व को अत्यंत श्रेष्ठ स्थान प्राप्त है वही समाजवाद में वह राज्य रूपी विशाल मशीन में एक निर्जीव पूर्जा बन जाता है।

नौकरशाही का महत्व :-

- समाजवाद में राज्य के कार्यों में वृद्धि होने के कारण नौकरशाही का महत्व बढ़ता है। और सभी निर्णय

बजट 2022-23

केंद्रीय बजट 2022-23- वित्तीय प्रबंधन

- बजट अनुमान 2021-22:- 83 लाख करोड़ रुपए
- संशोधित अनुमान 2021-22:- 70 लाख करोड़ रुपए
- वर्ष 2022-23 में कुल व्यय:- 45 लाख करोड़ रुपए
- वर्ष 2022-23 में उधार के अतिरिक्त कुल प्राप्तियां 84 लाख करोड़ रुपये अनुमानित हैं
- चालू वर्ष में राजकोषीय घाटा:- सकल घरेलू उत्पाद का 9% (बजट अनुमान में 6.8% के मुकाबले)
- वर्ष 2022-23 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4% रहने का अनुमान है

आर्थिक वृद्धि:-

- भारत की आर्थिक वृद्धि 2% होने का अनुमान है जो समस्त वृहद अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक है।

रोजगार:-

- 14 क्षेत्रों में उत्पादकता सहलग्न प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 60 लाख नए रोजगार सृजित होंगे।
- पीएलआई योजनाओं में 30 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त उत्पादन सृजित करने की क्षमता है।

विकास प्राथमिकताएं:-

अमृत काल में प्रवेश करते हुए, भारत @ 100 के लिए 25 वर्ष की लंबी पहुंच, बजट चार प्राथमिकताओं के साथ विकास को गति प्रदान करता है-

- ✓ पीएम गति शक्ति
- ✓ समावेशी विकास
- ✓ उत्पादकता वृद्धि एवं निवेश, नवोदित एवं विकासशील अवसर, ऊर्जा संक्रमण तथा जलवायु कार्रवाई।
- ✓ निवेश का वित्तपोषण

केंद्रीय बजट 2022-23: प्रधानमंत्री गति शक्ति

- पीएम गति शक्ति को संचालित करने वाले सात इंजन निम्नलिखित हैं-
- ✓ सड़कें,
- ✓ रेलवे,
- ✓ हवाई अड्डे,
- ✓ बंदरगाह,
- ✓ जन परिवहन,
- ✓ जलमार्ग एवं
- ✓ सम्भारिकी अवसंरचना(लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर)।

प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय कार्य योजना

- पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय कार्य योजना के दायरे में आर्थिक रूपांतरण, निर्बाध बहुविध अनुयोजकता (मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी) एवं सुप्रचालनिकी (रसद) दक्षता के लिए सात इंजन सम्मिलित होंगे।
- नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन में इन 7 इंजनों से संबंधित परियोजनाओं को पीएम गति शक्ति ढांचे के साथ संरेखित किया जाएगा।

सड़क परिवहन

- 2022-23 में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का 25000 किलोमीटर तक विस्तार किया जाएगा।
- राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार के लिए 20000 करोड़ रुपये अभिनियोजित किए जाएंगे।

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

बहुविध अनुयोजकता पार्क/मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

- चार स्थानों पर मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्कों के कार्यान्वयन के लिए 2022-23 में पीपीपी मोड के माध्यम से अनुबंध प्रदान किए जाएंगे।

रेलवे

- स्थानीय व्यवसायों एवं आपूर्ति श्रृंखलाओं की सहायता के लिए एक स्टेशन एक उत्पाद अवधारणा।
- 2022-23 में 2000 किलोमीटर के रेलवे नेटवर्क को कवच, स्वदेशी विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी एवं क्षमता संवर्धन के अंतर्गत लाया जाएगा।
- आगामी तीन वर्षों के दौरान नई पीढ़ी की 400 वंदे भारत रेलगाड़ियों का निर्माण किया जाएगा।
- आगामी तीन वर्षों के दौरान मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स के लिए 100 पीएम गति शक्ति कार्गो टर्मिनल विकसित किए जाएंगे।

पर्वतमाला

पर्वतमाला, राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम को पीपीपी मोड पर चलाया जाएगा।

- 2022-23 में 60 किलोमीटर लंबाई की 8 रोपवे परियोजनाओं के लिए अनुबंध प्रदान किए जाएंगे।

केंद्रीय बजट 2022-23: समावेशी विकास

कृषि

- 63 करोड़ किसानों को गेहूं एवं धान की खरीद के लिए 2.37 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष भुगतान।
- संपूर्ण देश में रासायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रारंभिक फोकस गंगा नदी के किनारे 5 किमी चौड़े गलियारे में किसानों की भूमि पर है।
- नाबार्ड कृषि एवं ग्रामीण उद्यमों के लिए स्टार्टअप्स को वित्तपोषित करने हेतु संमिश्रित पूंजी के साथ निधि की सुविधा प्रदान करेगा।
- फसल मूल्यांकन, भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण, कीटनाशकों एवं पोषक तत्वों के छिड़काव के लिए 'किसान ड्रोन'।

केन बेतवा परियोजना

- केन-बेतवा लिंक परियोजना के कार्यान्वयन के लिए 1400 करोड़ का परिव्यय।
- केन-बेतवा लिंक परियोजना से किसानों की 08 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

एमएसएमई

- उद्यम, ई-श्रम, एनसीएस तथा असीम पोर्टलों को आपस में जोड़ा जाएगा।
- 130 लाख एमएसएमई ने आपातकालीन क्रेडिट लिंक्ड गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत अतिरिक्त ऋण प्राप्त किया
- ईसीएलजीएस को मार्च 2023 तक विस्तारित किया जाएगा।
- ईसीएलजीएस के तहत गारंटी कवर को 50000 करोड़ रुपये बढ़ाकर कुल 5 लाख करोड़ रुपये किया जाएगा।
- सूक्ष्म तथा लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) के तहत सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए 2 लाख करोड़ रुपये अरिक्त ऋण की सुविधा प्रदान की जाएगी।
- 6000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ रेजिंग एंड एक्सलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (आरएएमपी) कार्यक्रम आरंभ किया जाएगा।

कौशल विकास

- ऑनलाइन प्रशिक्षण के माध्यम से नागरिकों को कौशल, पुनः कौशल अथवा कौशल संवर्धन हेतु सशक्त बनाने के लिए डिजिटल इकोसिस्टम फॉर स्किलिंग एंड लाइवलीहुड (DESH-Stack e-portal) प्रारंभ किया जाएगा।
- 'ड्रोन शक्ति' की सुविधा के लिए एवं ड्रोन-ए-ए-सर्विस (DrAAS) हेतु स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित किया जाएगा।

केंद्रीय बजट 2022-23- शिक्षा

- पीएम ई विद्या के वन क्लास-वन टीवी चैनल के कार्यक्रम को 200 टीवी चैनलों तक विस्तारित किया जाएगा।
- महत्वपूर्ण विचार कौशल एवं कृत्रिम अधिगम के वातावरण को बढ़ावा देने के लिए वर्चुअल लैब एवं स्किलिंग ई-लैब की स्थापना की जाएगी।
- डिजिटल शिक्षकों के माध्यम से वितरण हेतु उच्च गुणवत्ता वाली ई-सामग्री विकसित की जाएगी।
- वैयक्तीकृत अधिगम अनुभव के साथ विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाली सार्वभौमिक शिक्षा के लिए डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी।

केंद्रीय बजट 2022-23- स्वास्थ्य

- बजट 2022-23, राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक मुक्त मंच प्रदान करता है जिसे आरंभ किया जाना है।

अध्याय – 3

बैंकिंग

- बैंक उस वित्तीय संस्था को कहते हैं जो जनता की धनराशि जमा करने तथा जनता को ऋण देने का काम करती है।
- लोग अपनी बचत राशि को सुरक्षा की दृष्टि से अथवा ब्याज कमाने हेतु इन संस्थाओं में जमा करते हैं और आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निकालते रहते हैं।
- बैंक इस प्रकार जमा से प्राप्त राशि को व्यापारियों एवं व्यवसायियों को ऋण देकर ब्याज कमाते हैं।

भारत में बैंकिंग

- भारत में स्थापित पहली बैंक Bank of Hindustan थी इसकी स्थापना Alexandey and Company 1770ई. में की थी कुछ समय बाद यह बैंक बन्द हो गई।
- इसके बाद देश में निजी और सरकारी अंशधारियों द्वारा तीन प्रेसीडैन्सी बैंकों की स्थापना की गई - वर्ष 1806 में बैंक ऑफ बंगाल (Bank of Bengal.) , वर्ष 1840 में बैंक ऑफ बॉम्बे (Bank of Bombay) तथा वर्ष 1843 में बैंक ऑफ मद्रास (Bank of Madras) ।
- इन तीनों बैंकों पर बैंक ऑफ मद्रास अपना नियंत्रण रखती थी । बाद में इन बैंकों के कार्यों को सीमित कर दिया गया । वर्ष 1921 में इन तीनों बैंकों को मिलाकर इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया (Impe rial Bank of India) की स्थापना की गई और । जुलाई, 1955 को राष्ट्रीयकरण के उपरान्त इसका नाम बदलकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रख दिया गया ।
- भारत में पहली सीमित देयता वाला भारतीय बैंक अवध कमर्शियल बैंक था जिसकी स्थापना फैजाबाद में वर्ष 1881 में की गयी थी ।
- उसके बाद वर्ष 1894 में लाहौर में पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना हुई जो पहला पूर्ण रूप से प्रथम भारतीय बैंक था ।

भारत में स्थापित प्रमुख बैंक व उनकी स्थापना

बैंक का नाम	स्थापना वर्ष
द बैंक ऑफ हिन्दुस्तान	1770
बैंक ऑफ बंगाल	1806
बैंक ऑफ बॉम्बे	1840
बैंक ऑफ मद्रास	1843
इलाहाबाद बैंक	1865
एलाइन्स बैंक ऑफ शिमला	1881
अवध कॉमर्शियल बैंक	1881
पंजाब नेशन बैंक	1894
बैंक ऑफ इंडिया	1906
पंजाब एंड सिंध बैंक	1908
बैंक ऑफ बडोंदा	1909
सेंण्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया	1911
बैंक ऑफ मैसूर	1913
इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया	1921
भारतीय रिजर्व बैंक	1935
भारतीय स्टेट बैंक	1955

भारतीय रिजर्व बैंक

- भारत का केन्द्रीय बैंक है ।
- वर्ष 1930 में केन्द्रीय बैंकिंग जाँच समिति की सिफारिश के आधार पर भारत के केन्द्रीय बैंक के रूप में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (R.B.I.) की स्थापना RBI अधिनियम, 1934 के तहत् । अप्रैल , 1935 को 5 करोड़ रुपये की अधिकृत पूँजी से हुई थी ।
- । जनवरी, 1949 को भारतीय रिजर्व बैंक का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया । इसके प्रथम गवर्नर सर ओसबोर्न स्मिथ (1935-37) थे ।
- देश के स्वतंत्रता के समय में RBI के गर्वनर सर सी डी . देशमुख (1943-49) थे ।
- रिजर्व बैंक के कार्यों का संचालन केन्द्रीय संचालक मण्डल (Central Borad of Directors) द्वारा होता है ।
- सम्पूर्ण देश में इसे चार भागों में बाँटा गया है - उत्तरी क्षेत्र , दक्षिणी क्षेत्र , पूर्वी क्षेत्र तथा पश्चिमी क्षेत्र ।
- इसमें प्रत्येक के लिए 5 सदस्यों का एक स्थानीय बोर्ड (Local board) होता है ।
- केन्द्रीय बोर्ड में । गवर्नर तथा अधिक से अधिक 4 डिप्टी गवर्नर होते हैं , जिनकी नियुक्ति केन्द्र सरकार पाँच वर्षों के लिए करती है ।

बैंक दर (Bank Rate)	• भारतीय रिजर्व बैंक जिस ब्याज दर पर व्यावसायिक बैंकों को दीर्घकालीन ऋण उपलब्ध कराता है, बैंक दर कहलाता है । • **प्रभाव-** बैंक दर में परिवर्तन का प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से व्यावसायिक बैंकों द्वारा आवंटित ऋणों की ब्याज दर पर पड़ता है । इसके अन्तर्गत रिजर्व बैंक के पास अनुसूचित बैंकों की कुल वैधानिक जमाराशि के एक निश्चित प्रतिशत के बराबर उनके मूल कोटे निर्धारित कर दिया गया । • निर्धारित कोटे की सीमा तक रिजर्व बैंक से बैंक दर पर ऋण लिया जा सकता है । इससे अधिक ऋण देने पर बैंक दर के अतिरिक्त ब्याज की दंड दर (Penal rate) देनी पड़ती है । • बैंक दर में वृद्धि या कमी व्यावसायिक बैंक द्वारा आवंटित ऋणों पर ब्याद दर कम या ज्यादा करने के लिए होता है । • NOTE : बेस रेट वह दर है जिसके नीचे अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक किसी भी तरह का ऋण नहीं दे सकते हैं । यह वर्ष 2010 में पूर्व प्रचलित प्राइम लैंडिंग रेट नोट (PLR) के स्थान पर अपनाया गया है
नकद आरक्षण अनुपात (Cash Reserve Ratio)	• प्रत्येक व्यापारिक बैंक अपनी कुछ जमाओं का एक निर्धारित प्रतिशत रिजर्व बैंक के पास सदैव नकद रूप में रखता है जिसे नकद आरक्षण अनुपात (CRR) कहते हैं । • रिजर्व बैंक इस नकद पर कोई ब्याज बैंक को नहीं देता है । जब रिजर्व बैंक साख मुद्रा वृद्धि करना चाहता है , तो वह इस अनुपात में कमी कर देता है । और यदि वह साख मुद्रा में कमी करना चाहता है , तो वह इस अनुपात में वृद्धि कर देता है ।
वैधानिक तरलता अनुपात (Statutory Liquidity Ratio)	• प्रत्येक बैंक को कुल जमाराशि के एक निश्चित प्रतिशत को अपने पास नकद रूप में या अन्य तरल परिसम्पत्तियों के रूप में (सोना अनुमोदित प्रतिभूतियाँ- सरकारी प्रतिभूतियाँ) रखना पड़ता है जिसे वैधानिक तरलता (SLR) कहा जाता है । • यदि रिजर्व बैंक को साख मुद्रा का प्रसार करना होता है , तो इस अनुपात को कम कर दिया जाता है , ताकि बैंकों के पास तरल कोषों में वृद्धि हो सके । • यदि साख का संकुचन करना होता है , तो इस अनुपात को बढ़ा दिया जाता है , ताकि बैंकों के पास तरल कोष कम उपलब्ध हो ।
रेपो दर (Repo Rate)	• रेपो दर वह दर है जिस पर रिजर्व बैंक बैंकों को अल्पकालीन ऋण देकर अर्थव्यवस्था में तरलता की अतिरिक्त मात्रा जारी करता है । • इसका प्रभाव व्यावसायिक बैंकों द्वारा आवंटित ऋणों पर प्रत्यक्ष रूप से पड़ता है । • इसका प्रयोग तात्कालिक मुद्रा के प्रसार में वृद्धि या कमी के लिए किया जाता है । • मंदी के दौरान रेपों दर में कटौती की जाती है ताकि मुद्रा के प्रसार में वृद्धि हो । ज्यों - ज्यों मंदी का दौर खत्म होता है , रेपो दर से वृद्धि की जाती है ताकि तात्कालिक मुद्रा का प्रसार कम हो ।
रिवर्स रेपो दर (Reverse Repo Rate)	• यह रेपो दर से उल्टी होती है । बैंकों के पास दिनभर के कामकाज के बाद बहुत बार एक बड़ी रकम शेष बच जाती है । बैंक वह रकम अपने पास रखने के बजाए रिजर्व बैंक में रख सकते हैं , जिस पर उन्हें रिजर्व बैंक से ब्याज भी मिलता है । जिस दर पर यह ब्याज मिलता उसे रिवर्स रेपो दर कहते हैं ।
मार्जिनल स्टैंण्डिंग फैसिलिटी (MSF)	• इसके अंतर्गत व्यापारिक बैंक । दिन (24 घण्टे) हेतु ऋण प्राप्त कर सकते हैं । • MSF के माध्यम से बैंक अपनी NDTL के 2.5% तक ऋण प्राप्त कर सकते हैं । • इसमें SLR में रखी प्रतिभूतियों को भी गिरवी रख सकते हैं । • यह सुविधा मात्र वाणिज्यक बैंकों को उपलब्ध है । MSF की ब्याज दर Repo rate से 0.25 % अधिक होती

NOTE- खुले बाजार की क्रियाएँ (Open Market Opera tions)

- खुले बाजार की क्रियाओं से आशय केन्द्रीय बैंक द्वारा बाजार में प्रतिभूतियों, ऋण - पत्रों तथा बिलों के क्रय विक्रय से है । केंद्रीय बैंक द्वारा प्रतिभूतियों को बेचने से बाजार में मुद्रा की मात्रा कम हो जाती है , जिससे साख का सन्तुलन होता है और प्रतिभूतियों के खरीदे जाने से बाजार में मुद्रा की मात्रा बढ़ती है तथा साख का विस्तार हो जाता है ।
- तरलता की दृष्टि से प्रतिभूतियों एवं ऋणों का अनुक्रम है – नकद, एडहॉक ट्रेजरी बिल्स (इन्हें बंद किया जा चुका है), ट्रेजरी बिल्स तथा कॉल मनी ।

ऋणदर का सीमांत लागत (MCLR)

- यह अप्रैल, 2016 में प्रभावी हुआ ।
- यह फ्लोटिंग - रेट ऋणों के लिये एक बेंचमार्क ऋण दर है ।
- यह न्यूनतम ब्याज दर है जिस पर वाणिज्यिक बैंक ग्राहकों को उधार दे सकते हैं ।
- यह दर चार घटकों- धन की सीमांत लागत, नकद आरक्षित अनुपात, परिचालन लागत और परिपक्वता अवधि पर आधारित है ।
- MCLR वास्तविक जमा दरों से जुड़ा हुआ है । इसलिए जब जमा दरों में वृद्धि होती है तो यह इंगित करता है कि बैंकों की ब्याज दर बढ़ने की संभावना है ।
- इसका उद्देश्य RBI द्वारा किए गए परिवर्तन का लाभ बैंकों द्वारा उपभोक्ताओं तक पहुँचाना है ।

(B) गुणात्मक विधियाँ

- ➢ इन विधियों द्वारा साख के प्रवाह को आर्थिक क्रिया के निर्दिष्ट या विशेष क्षेत्र की ओर मोड़ते या सीमित करते हैं ।
- ➢ गुणात्मक विधियों कुछ सीमा तक परिमाणात्मक विधियों का भी अश रहता है ।
- ➢ ये विधियाँ निम्न है –

1. सीमांत आवश्यकता (Margin Requirement) : सीमांत आवश्यकता से अभिप्राय बैंक द्वारा किसी वस्तु की जमानत पर दिए गए ऋण तथा जमानत वाली वस्तु के वर्तमान मूल्य के अंतर से है । जैसे- मान लीजिए किसी व्यक्ति ने100रु. मूल्य का माल बैंक के पास जमानत के रूप में रखा है और बैंक उसे 80रु. का ऋण देता है । इस स्थिति में सीमांत आवश्यकता 20% होगी । यदि अर्थव्यवस्था की किसी विशेष व्यावसायिक क्रिया के लिए साख के प्रवाह को सीमित करना है तो उस क्रिया के लिए सीमांत आवश्यकता को बढ़ा दिया जाएगा । इसके विपरीत यदि साख का विस्तार किया जाना है तो सीमांत आवश्यकता को कम कर दिया जाता है ।

2. साख की राशनिंग (Rationing of Credit) : साख की राशनिंग से अभिप्राय विभिन्न व्यावसायिक क्रियाओं के लिए साख की मात्रा का कोटा निर्धारित करना है । साख की राशनिंग तब की जाती है जब अर्थव्यवस्था में विशेष रूप से सट्टे पर रोक लगानी होती है । केन्द्रीय बैंक विभिन्न व्यावसायिक क्रियाओं के लिए साख का कोटा निर्धारित कर देता है । ऋण देते समय वाणिज्यिक बैंक कोटे की सीमा अधिक ऋण नहीं दे सकते ।

3. प्रत्यक्ष कार्यवाही (Direct Action) : केंद्रीय बैंक को उन बैंकों के विरुद्ध प्रत्यक्ष कार्यवाही करनी पड़ती है जो उसकी साख नीति का पालन नहीं करते । प्रत्यक्ष कार्यवाही के अन्तर्गत ऐसे वाणिज्यिक बैंकों की देश की बैंकिंग प्रणाली के सदस्यों के रूप में मान्यता को रद्द कर दिया जाता है ।

4. नैतिक प्रभाव (Moral Suasion) : कभी - कभी केंद्रीय बैंक सदस्य बैंकों पर नैतिक प्रभाव डालकर उन्हें साख नियंत्रण के लिए अपनाई गई नीति के अनुसार काम करने के लिए सहमत कर लेता है । केंद्रीय बैंक का लगभग सभी वाणिज्यिक बैंकों पर नैतिक प्रभाव होता है । अतः सामान्यतः ये बैंक केंद्रीय बैंक साख के विस्तार या संकुचन करने की सलाह को मान लेते हैं । मुद्रास्फीति के समय बैंकों को साख के प्रवाह को सीमित करने तथा अवस्फीति के दौरान उदारता से ऋण देने का केंद्रीय बैंक परामर्श देता है ।

NOTE- नैतिक प्रभाव में मनाने तथा दबाव डालने का मिश्रण पाया जाता है । केंद्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को अपनी मौद्रिक नीति का पालन करने के लिए मनाता है । अन्यथा उन पर दबाव डालकर अपनी नीति को मनवाता है यदि यह असफल होता है तो केंद्रीय बैंक प्रत्यक्ष कार्यवाही कर सकता है जिसमें वाणिज्यिक बैंकों की मान्यता रद्द (Derecognition) शामिल है । मौद्रिक नीति का एक उपकरण होने के कारण नैतिक प्रभाव एक मात्रात्मक उपाय भी है और एक गुणात्मक उपाय भी यद्यपि इसे गुणात्मक उपाय की श्रेणी में रखा जाता है ।

अध्याय – 10

मुद्रास्फीति – अवधारणा, प्रभाव एवं नियंत्रण तंत्र

- परिभाषा- वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्यों में निरंतर बढ़ोतरी को मुद्रास्फीति कहते हैं। आम बोलचाल की भाषा में इसे महंगाई कहते हैं।
- मुद्रास्फीति हमारे बजट को प्रभावित करती है। इसके कारण किसी भी देश की मुद्रा की क्रय क्षमता में कमी उत्पन्न होती है। वास्तव में मुद्रा के क्रय क्षमता में उत्पन्न इस कमी को ही मुद्रास्फीति कहते हैं।
- प्रोफेसर ब्रह्मानंद और वकील ने मुद्रास्फीति की तुलना ऐसे डाकू से की है जो कि अदृश्य रहता है।
- मुद्रास्फीति का सर्वाधिक प्रभाव समाज के निम्न वर्ग पर पड़ता है। मध्यम वर्ग एवं उच्च वर्ग के पास अधिवर्ष होता है। जिसे किसी संपत्ति में निवेश किया जा सकता है। जैसे - मुद्रास्फीति के कारण उपभोग महंगा होगा। उस संपत्ति के मूल्य में भी बढ़ोतरी दर्ज होगी जो कि मध्यम वर्ग एवं उच्च वर्ग पर मुद्रास्फीति के प्रभाव को निरस्त कर देगी। चूंकि मुद्रास्फीति किसी देश की मुद्रा की क्रय क्षमता में कमी को संबोधित करती है।
- हर वह मुद्रा जिसकी क्रय क्षमता शुन्य हो जाती है उसे परिचालन से बाहर कर दिया जाता है। वर्तमान में 50 पैसा वह न्यूनतम मूल्य की मुद्रा है जिसका भारत में वैधानिक प्रयोग किया जा सकता है। परंतु इसका प्रयोग ₹10 तक के भुगतान के उपभोग तक ही किया जा सकता है। यदि मुद्रास्फीति तीव्र गति से बढ़े तब ऐसी स्थिति में देने वालों को घाटा होता है। जबकि ऋणी को लाभ होता है।

मुद्रा की मात्रा	= वृद्धि
मुद्रा का मूल्य	= कमी
समग्र मांग	= वृद्धि
समग्र पूर्ति	= कमी
वस्तुओं का मूल्य	= वृद्धि

<u>मुद्रास्फीति के प्रकार</u> - कारण के आधार पर मुद्रास्फीति को तीन प्रमुख प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है

1. Demand push inflation (मांग प्रेरित मुद्रास्फीति)
2. Cost push inflation (लागत प्रेरित मुद्रास्फीति)
3. Structural inflation (संरचनात्मक मुद्रास्फीति)

Demand Push Inflation (मांग प्रेरित मुद्रास्फीति)

- यह किसी भी अर्थव्यवस्था में मांग में बढ़ोतरी के कारण उत्पन्न होती है। यदि अर्थव्यवस्था में तरलता (मुद्रा की आपूर्ति) ज्यादा हो या तो आय में बढ़ोतरी के कारण अथवा बैंकों से आसानी से कम ब्याज दर पर ऋण की प्राप्ति के कारण तब उपभोक्ता का उपभोग बढ़ता है। यदि इस बढ़ते हुए उपभोक्ता मांग की सही मात्रा में सही समय पर आपूर्ति ना हो पाए तब मांग प्रेरित मुद्रास्फीति उत्पन्न होगी।
- यदि मांग में बढ़ोतरी के कारण सकल मांग, सकल आपूर्ति को पार कर जाए तब मांग प्रेरित मुद्रास्फीति उत्पन्न होगी। भारत जैसे विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में चूंकि रोजगार के अवसर निरंतर उत्पन्न होते हैं। इस बढ़ते रोजगार के कारण मांग प्रेरित मुद्रास्फीति उत्पन्न होती है।
- मांग प्रेरित मुद्रास्फीति आर्थिक संवृद्धी से भी संबंधित होती है क्योंकि बढ़ती हुई मांग उत्पादन को भी बढ़ावा देती है।
- किसी भी अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी की दर को कम करने का प्रयास किया जाता है। परंतु बेरोजगारी की दर उसी गति से कम की जाती है जो मुद्रास्फीति को नियंत्रण से बाहर ना कर दे।
- इसे NAIRU (Non Accelerating Inflation Rate of Unemployment) कहते हैं।

Cost Push Inflation (लागत प्रेरित मुद्रास्फीति)

- प्रत्यक्ष तौर पर मांग नहीं परंतु अप्रत्यक्ष तौर पर मांग होती है। यह मांग में बढ़ोतरी के कारण उत्पन्न नहीं होती है।
- लागत प्रेरित मुद्रास्फीति उत्पादन की प्रक्रिया में होने वाले व्यय में बढ़ोतरी के कारण उत्पन्न होती है। अर्थात कच्चे माल अथवा किसी भी अन्य प्रकार की लागत में बढ़ोतरी हो जाए तब अंतिम उत्पादित वस्तुओं अथवा सेवा स्वतः महंगी हो जाती है। उदाहरण स्वरूप डीजल जो कि परिवहन एवं उत्पादन की प्रक्रिया में इंधन का एक प्रमुख स्रोत है, महंगा हो जाए तब अंतिम उत्पादित वस्तु स्वतः महंगी हो जाएगी।

Structural Inflation (संरचनात्मक मुद्रास्फीति)

- यह किसी भी अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक समस्याओं के कारण उत्पन्न होती है। अन्य शब्दों में यदि किसी अर्थव्यवस्था में भंडारण एवं वितरण की सुविधाओं में कमी हो एवं इससे मुद्रा स्थिति उत्पन्न हो तब यह संरचनात्मक मुद्रास्फीति कहलाती है।
- संरचनात्मक मुद्रास्फीति जमाखोरी (Hoarding), व्यवसायिक समूह करण (Cartelization), कालाबाजारी (Black Marketing) इत्यादि के कारण उत्पन्न होती है।

- **जमाखोरी (Hoarding)** - यदि एक व्यापारी अथवा बिचोलिया किसी वस्तु को उत्पादक से अत्यधिक मात्रा में खरीद कर उसे बाजार तक न पहुँचने से

लंबे समय तक उस वस्तु को अपने गोदाम में रख ले, जिससे बाजार में उस वस्तु की कृत्रिम कमी उत्पन्न हो जाए। तब यह जमाखोरी कहलाती है।

- **व्यवसायिक समूह करण (Cartelization)** - किसी भी अर्थव्यवस्था में वस्तुओं एवं सेवाओं का मूल्य मांग एवं आपूर्ति तथा प्रतिस्पर्धा पर आधारित होती है। यदि इन वस्तुओं के उत्पादन अथवा सेवा प्रदान करने वाली कंपनियां प्रतिस्पर्धा को दरकिनार कर आपसी सहमति से मूल्यों में बढ़ोत्तरी कर दी। तब यह व्यवसायिक समूह करण कहलाता है।
- **कालाबाजारी (Black Marketing)** - यदि एक अनिवार्य वस्तु जिसे सरकार सस्ते मूल्य पर उपभोक्ता को उपलब्ध कराने का प्रयास करती है। परंतु विक्रय वस्तु को बाजार में उच्च मूल्य पर बेच दे तब यह कालाबाजारी कहलाती है।

- भारत क्योंकि एक विकासशील देश है रोजगार के अवसरों के उत्पन्न होने के कारण मांग प्रेरित मुद्रा स्थिति उत्पन्न होती है।
- भंडारण एवं वितरण की सुविधाओं में कमी के कारण संरचनात्मक मुद्रा स्थिति उत्पन्न होती है। जबकि कच्चे माल अथवा अन्य संसाधनों की कमी के कारण लागत पर मुद्रा स्थिति उत्पन्न होती है।
- भारत में मुद्रास्फीति के नियंत्रण की जिम्मेदारी RBI की है। परंतु आरबीआई मात्र मांग आधारित स्थिति को ही उचित रूप से नियंत्रण नियंत्रित कर सकती है। लागत प्रेरित एवं संरचनात्मक मुद्रा स्फीति पर का नियंत्रण नही होता है। अतः केंद्र एवं राज्य सरकार के सहयोग के बिना मुद्रास्फीति का नियंत्रण संभव नहीं है।

दर के आधार पर मुद्रास्फीति के प्रकार

मुद्रास्फीति जिस दर से बढ़ती है उस आधार पर इसे कई प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है।

मुद्रास्फीति के प्रकार	**दर**
सरपट दौड़ती मुद्रास्फीति (Galloping inflation)	10 – 20%
भागती हुई मुद्रास्फीति (Runaway Inflation)	100 – 200%
अति मुद्रास्फीति (Hyper Inflation)	1000%

मुद्रा संकुचन / अपस्फीति (Deflation) -

- यह मुद्रास्फीति का विपरीतार्थक अर्थात् मंहगाई का विलोम है।
- अपस्फीति वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य में निरंतर कमी और मुद्रा के मूल्य में वृद्धि की अवस्था को दर्शाती है। ऐसा मुख्यतः दो परिस्थितियों में देखा जाता है।
  1. यदि सकल आपूर्ति सकल मांग को पार कर जाए
  2. यदि सकल मांग सकल आपूर्ति से नीचे चली आए
- सामान्यतः मांग में कमी तरलता में कमी के कारण एवं बढ़ती बेरोजगारी के कारण उत्पन्न होती है।
- जब किसी देश की अर्थव्यवस्था चरम पर पहुँच जाए जैसे कि विकसित अर्थव्यवस्थाएं तब यह भी मांग में कमी को जन्म देती है।
- यदि देश की अधिकांश जनसंख्या वृद्ध जनसंख्या हो जाए तब से भी मांग प्रभावित होती है।

पुनर्स्फीती (Reflation) Or संस्फीति

- जब निरंतर अपस्फीति के उपरांत वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य में बढ़ोतरी दर्ज हो तब यह पुनर्स्फीती कहलाती है।



- पुनर्स्फीती / संस्फीति सामान्यतः आर्थिक मंदी के दौर में सरकार एवं केंद्रीय बैंक द्वारा अर्थव्यवस्था को प्रदान किए गए बाह्य समर्थन से उत्पन्न होती है।
- मांग में कमी के कारण मूल्य नीचे जाते हैं। अतः मांग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में कटौती करती है। जबकि सरकार कर में कटौती करती है। ऐसी स्थिति में मांग के साथ-साथ मूल्य में भी बढ़ोतरी देखी जाती है।

निस्पंद (Stagflation)

- स्टैगफ्लेशन (Stagflation) स्टैगफ्लेशन शब्द का निर्माण स्टैगनेशन व इन्फ्लेशन दो शब्दों को मिलाकर हुआ है । स्टैगफ्लेशन उस स्थिति को इंगित करता है । जब मुद्रास्फीति की दर व बेरोजगारी दोनों ही उच्च अवस्था में पहुँच जाती है । ऐसी स्थिति में मुद्रास्फीति के साथ आर्थिक अस्थिरता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है ।

मुद्रा प्रत्ययवस्फीति (Reflation)

- मुद्रा प्रत्यवस्फीति एक प्रकार से नियंत्रित मुद्रास्फीति होती है । जब कभी मुद्रा अवस्फीति की मात्रा इतनी अधिक हो जाती है कि वस्तुओं की कीमतें बहुत नीचे गिर जाती है ,

अध्याय – 14

बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ

- भारत में कार्यरत 71 **प्रतिशत बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ (बहुराष्ट्रीय निगम) देश को अपने वैश्विक विस्तार के लिये एक महत्त्वपूर्ण गंतव्य** मानती हैं।
- भारत ने पिछले एक दशक में FDI में लगातार वृद्धि दर्ज की है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2022 में महामारी और भू-राजनीतिक विकास के प्रभाव के बावजूद 84.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्राप्त हुए हैं ।
- भारत को **वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में एक उभरते हुए विनिर्माण केंद्र,** विकसित होते उपभोक्ता बाजार और वर्तमान डिजिटल परिवर्तन के केंद्र के रूप में देखा जाता है।
- 60% से अधिक बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने माना है कि **विगत तीन वर्षों में** व्यापारिक वातावरण में सुधार हुआ है।
- विकास की चुनौतियों की पृष्ठभूमि में **बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ भारत को एक आकर्षक निवेश गंतव्य मानती हैं** एवं व्यापार के विस्तार की योजना बना रही हैं।

- **आशावादिता की वजह:**
- बुनियादी ढाँचा क्षेत्र में किये गए निवेश से पता चलता है **कि भारत विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचे की आपूर्ति और निवेश के नए अवसर प्रदान करने के लिये बिलकुल तैयार है।**
- **घरेलू खपत में मजबूत गति, एक विस्तारित सेवा क्षेत्र, डिजिटलीकरण, और विनिर्माण तथा बुनियादी ढाँचे पर सरकार का ज़ोर भारत के विकास के बारे में आशावादिता के मुख्य कारक हैं।**
  - **अमेरिका और चीन के बाद भारत में अनुमानित वास्तविक खपत वृद्धि सबसे अधिक है** और वर्ष 2025 तक, तेज़ी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था के 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है।

- **सुझाव:**
